**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**LOK SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO. 3652**

**TO BE ANSWERED ON THE 16TH JULY, 2019/ ASHADHA 25, 1941 (SAKA)**

**PROMOTION OF OFFICIAL LANGUAGE**

**†3652. SHRI P.P. CHAUDHARY:**

**Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:**

**(a) the steps taken by the Government during the last five years to promote the official language;**

**(b) the details of amount spent on the promotion of official language during the said period, year-wise, Ministry-wise and State-wise;**

**(c) whether the Government is contemplating to distribute prize at district level to promote official language in the districts;**

**(d) if so, the details thereof; and**

**(e) if not, the intention of the Government in this regard?**

**ANSWER**

**MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS**
**(SHRI NITYANAND RAI)**

**(a): Following steps have been taken by the Department of Official Language to promote Official Language Hindi and its development in official work :-**

i. **Training for Language/Translation/Computer was given to approximately 1,73,900 personnel of various Ministries/Departments and government institutions.**

ii. **Technical tools-LILA Mobile App, LILA Prarvah and Kanthastha were developed and implemented.**

**L.S.US.Q.NO 3652 FOR 16.07.2019**

**iii. For promotion/monitoring of the Official Language Hindi, the work of Kendriya Hindi Samiti, Hindi Salahkar Samities, Committee of Parliament on Official Language, Town Official Language Implementation Committees and eight Regional Implementation Offices of Department of Official Language has been facilitated.**

**iv. Various incentives/award schemes have been implemented for the offices/ employees of the Government of India.**

**(b) To promote Hindi, the Ministry/Department incur expenditure from their budget as per their own discretion. The expenditure incurred by the Department of Official Language in the last five years is as follows :-**

| **Year** | **Expenditure (in crore rupees)** |
|---|---|
| 2014-15 | 48.30 |
| 2015-16 | 49.60 |
| 2016-17 | 56.64 |
| 2017-18 | 64.51 |
| 2018-19 | 69.13 |

**(c) to (e) No, Sir.**

*****

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3652
दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़, 1941(शक) को उत्तर के लिए

राजभाषा को प्रोत्साहन

3652. श्री पी॰पी॰ चौधरीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान राजभाषा को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राजभाषा को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए वर्ष-वार, मंत्रालय-वार और राज्य-वार खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार जिलों में राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर पुरस्कार वितरित करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार का इस संबंध में क्या विचार है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को बढावा देने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और सरकारी संस्थानों के लगभग 1,73,900 कार्मिकों को भाषा/अनुवाद/कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।

ii. तकनीकी टूल्स-लीला मोबाइल एप, लीला प्रवाह एवं कंठस्थ विकसित एवं क्रियान्वित किए गए।

iii. राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने/निगरानी हेतु केंद्रीय हिंदी समिति, हिंदी सलाहकार समितियों, संसदीय राजभाषा समिति, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों और राजभाषा विभाग के आठ क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के कार्य को प्रशस्त किया गया।

iv. भारत सरकार के कार्यालयों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन/पुरस्कार योजनाएं लागू की गई हैं।

(ख) हिंदी को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय/विभाग अपने बजट से अपने विवेकानुसार व्यय करते हैं। राजभाषा विभाग द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

| वर्ष | व्यय(करोड़ रूपयों में) |
|---|---|
| 2014-15 | 48.30 |
| 2015-16 | 49.60 |
| 2016-17 | 56.64 |
| 2017-18 | 64.51 |
| 2018-19 | 69.13 |

(ग) से (ङ) जी, नहीं।

*******